प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
18.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

" मुख्य समाचार"

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रदेश में बढ़ते नशे के खिलाफ सभी से नशा हटाओ हिमाचल बचाओ अभियान चलाने का किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–कानून व्यवस्था सुधारने के लिए 6 श्रेणियों में वर्गीकृत होंगे पुलिस थाने।
- केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा–केंद्रीय बजट में हिमाचल के लिए 11 हजार 8 सौ 6 करोड़ रूपए का प्रावधान।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पहाड़ी राज्यों में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए विशेष नीति बनाने की आवश्यकता पर दिया बल।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल में बढ़ते नशे के खिलाफ सभी से बिना किसी राजनीति के नशा हटाओ हिमाचल बचाओ अभियान चलाने का आह्वान किया है। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर वे आज राजभवन शिमला में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में नशे के खिलाफ पंचायतीराज संस्थाओं और शिक्षण संस्थानों में चलाई गई उनकी मुहिम में अब सरकार और पंचायतों ने भी काम करना शुरू कर दिया है।

राज्यपाल ने कहा कि दो वर्ष में उन्होंने संवैधानिक मर्यादाओं व पद की गरिमा में रहकर कार्य किया है और राज्य के प्रथम नागरिक के रूप में वे अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए समर्पित हैं।

राज्यपाल ने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल को भरपूर सहयोग दे रही है और राज्य सरकार को अपने अंशदान पर ध्यान देना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि केंद्र से तालमेल बना कर ही प्रदेश आगे बढ़ सकता है।

एनसीसी कैडेट्स

इस बीच गणतंत्र दिवस शिविर–2025 में भाग लेने वाले हिमाचल प्रदेश के एनसीसी कैडेट्स ने आज राजभवन शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की।

इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने राज्यपाल के साथ अपने अनुभव साझा किए। शिव प्रताप शुक्ल ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय समारोह में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए इन कैडेट्स की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी भागीदारी हिमाचल प्रदेश के लिए गौरव की बात है। राज्यपाल ने एनसीसी कैडेट्स से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय रूप से योगदान देने का आग्रह भी किया। गणतंत्र दिवस शिविर में प्रदेश के 23 कैडेट शामिल थे।

मुख्यमंत्री

प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी एक सौ 35 पुलिस थानों को 6 श्रेणियों में वर्गीकृत करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य सेवा वितरण को बढ़ाना, कानून व्यवस्था में सुधार और सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि पुलिस थानों को वार्षिक अपराध पंजीकरण की संख्या के आधार पर ए प्लस से ई श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को नए वर्गीकरण के अनुसार पद भरने और पुलिस बल को तैनात करने के निर्देश दिए हैं, ताकि आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाकर कानून व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। इस प्रयास से पुलिस की कार्यकुशता में वृद्धि सहित राज्य में सार्वजनिक सेवा में सुधार होगा।

बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से 28 मार्च तक शिमला में आयोजित होगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने ये जानकारी देते हुए बताया कि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की संस्तुति के बाद विधानसभा सचिवालय द्वारा आज इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 17 मार्च को विधानसभा में राज्य का वर्ष 2025–26 का आम बजट पेश करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बजट सत्र के दौरान कुल 16 बैठकें आयोजित की जाएंगी।

रवनीत बिट्टू

केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा है कि केंद्रीय बजट में हिमाचल के लिए 11 हजार 8 सौ 6 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बजट में विकसित भारत 2 हजार 47 का रोड़मैप देश के सामने रखा है और इसमें हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और ये बजट राज्य को नई ऊंचाईयों तक ले जाने में साहयक होगा।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि हिमाचल में रेलवे कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए 2 हजार 7 सौ 16 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा ही प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है और भविष्य में भी हिमाचल के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार अपने वित्तीय दायित्वों को पूरा नहीं कर रही है जिससे केंद्र द्वारा दी गई सहायता का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के लिए पहाड़ी राज्यों के लिए विशेष नीति बनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। वे आज राजस्थान के उदयपुर में आयोजित दो दिवसीय ऑल इंडिया स्टेट वॉटर मिनिस्टर्स कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उप–मुख्यमंत्री ने इंडिया–2047–जल सुरक्षित राष्ट्र विषय पर अपने संबोधन में जल संकट, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और नवाचार आधारित समाधान की आवश्यकता को रेखांकित किया जिससे जल प्रबंधन को अधिक स्थाई बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि असमय बारिश और कम बर्फबारी के कारण जल स्रोतों का जल स्तर लगातार घटता जा रहा है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि वर्तमान समय में पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण के साथ–साथ आधुनिक तकनीक, नवाचारों और विकल्पों पर विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हिमाचल का जल संरक्षण, पर्यावरण और पारिस्थितिकी को बचाने में अह्म योगदान है और इसकी एवज में केंद्र द्वारा राज्य को विशेष पैकेज दिया जाना चाहिए। उप–मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के तहत अधूरी पड़ी लगभग एक हजार पेयजल आपूर्ति योजनाओं को पूरा करने के लिए 2 हजार करोड़ रूपए की मांग भी की।

नक्शा प्रोजेक्ट

भारत सरकार के सर्वेक्षण मंत्रालय द्वारा देश के एक सौ 52 शहरों में नक्शा प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसके तहत ड्रोन सहित अन्य नवीनतम तकनीक के माध्यम से भूमि रिकार्ड दुरूस्त किए जाएंगे। नक्शा प्रोजेक्ट के उत्तरी जोन के अतिरिक्त महासर्वेक्षक महेश चंद गौड़ ने आज सोलन में इस प्रोजेक्ट का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उपायुक्त मनमोहन शर्मा भी मौजूद रहे। महेश चंद गौड़ ने बताया कि अब शहरी क्षेत्र में नई तकनीक के माध्यम से भूमि रिकार्ड निकाला जाएगा और बाद में इस तकनीक को सभी क्षेत्रों में लागू किया जाएगा।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के बजाय उन्हें स्वरोजगार अपनाने से भी रोक रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार द्वारा लाई जा रही नई होम स्टे पॉलिसी जनता विरोधी है और ये प्रदेश की महिलाओं के साथ अन्याय है।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर'

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रदेश में बढ़ते नशे के खिलाफ सभी से नशा हटाओ हिमाचल बचाओ अभियान चलाने का किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा—कानून व्यवस्था सुधारने के लिए 6 श्रेणियों में वर्गीकृत होंगे पुलिस थाने।
- केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा—केंद्रीय बजट में हिमाचल के लिए 11 हजार 8 सौ 6 करोड़ रूपए का प्रावधान।
- उप—मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पहाड़ी राज्यों में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए विशेष नीति बनाने की आवश्यकता पर दिया बल।